तित्थयर

जैन भवन

४६०

वर्ष : २३ अंक : ९
दिसम्बर १९९९

ज्ञानी होने का सार यह है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur - 261001 (U.P.)
Ph: 42017/42397/42073
(05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax : 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Cal-700 007
Ph: 2384329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Calcutta - 700 001
Ph: 2201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
FAX : 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

जैन भवन

कलकत्ता

वर्ष - २३ अंक - ९, दिसम्बर १९९९

संपादन

लता बोथरा

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : **Tithayar,** P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें –
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three year : Rs. 160.00, US $ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Calcutta-700 007 Phone: 238 2655 and Printed by her
at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Calcutta-700 006 Phone: 241 1006

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख		लेखक	पृ. सं.
	धातुमय जैन प्रतिमाएँ	-	श्री भँवरलाल नाहटा	६९
	भ० महावीर स्वामी का निर्वाण एवं प्रकाश पर्व दीपावली	-	उपा० मुनिश्री कामकुमार नन्दी जी महाराज	७८
	जैन धर्म में पुण्य और पाप तत्व	-	डा० मुकुलराज मेहता	८२
	मलया सुन्दरी चरित्र	-	-	८८

आवरण चित्र–**श्री अष्टापद (कैलाश)**

Composed by :

Aupriya Printers, 6A, Baroda Thakur Lane, Calcutta-700 007, Ph. 232 6083

जैसे किंपाक फल का परिणाम अच्छा नहीं होता।
उसी प्रकार भोगों का परिणाम अच्छा नहीं होता।

सरल स्वभाव वाले को ही शुद्धता प्राप्त होती हैं और शुद्ध पुरुष के हृदय में ही धर्म ठहरता है, वह उत्कृष्ट निर्वाण प्राप्त करता है।

धातुमय जैन प्रतिमाएं

श्री भंवरलाल नाहटा

पुर्वानुवृत्ति

३. **चतुर्विंशति पट्ट** - छत्र के नीचे विराजित मूल नायक प्रतिमा के उभय पक्ष में खड़े धोती पहने काउसग्गिओं के ऊपर पद्मासन मुद्रा में जिनेश्वर और नीचे की ओर यक्ष यक्षी हैं। पायेदार सिंहासन के मध्य लटकते वस्त्र के दोनों ओर सिंह और तोरण के स्तंभ में चार - चार जिन प्रतिमाएँ और ऊपर के कक्ष में तोरण के ऊपर व दोनों ओर एक पद्मासन और दो - दो खड्गासन मुद्रा की प्रतिमाएँ हैं। तीन कक्षों के मध्य में एक - एक पद्मासन मुद्रा की प्रतिमा है। प्रतिमा के उभय पक्ष में अलंकृत स्तंभ और मकर मुख प्रतीत होते है। सं. ११३६ में जल्लिका श्राविका द्वारा निर्माणित है।

४. **पार्श्वनाथ पंचतीर्थी** - यह प्रतिमा सं ११६० में कुर्चपुर गच्छीय मनोरथाचार्य द्वारा प्रतिष्ठित है। सप्त फर्ण मंडित पार्श्वनाथ के बगल में खड़े धोती पहने खड्गासन प्रतिमाओं के ऊपर पद्मासन प्रतिमाएँ है, सिंहासन के चारों पायों के बीच दोनों सिंह बैठे है और उभय पक्ष में चामर धारी खड़े हैं।

५. **आदिनाथ पंचतीर्थी** - यह प्रतिमा सं. १०६३ में प्रतिष्ठित है और कला युक्त है। भगवान की प्रतिमा के उभय पक्ष में खड्गासन प्रतिमाएँ धोती युक्त और पृष्ठ भाग में अलंकृत भामंडल है। पृष्ठ भाग के उभय पक्ष में खड्गासन प्रतिमाएँ धोती युक्त और पृष्ठ भाग के तोरण स्तंभ पर दो पद्मासन प्रतिमाएँ, बगल में सिंह और मकर मुख है। सिंहासन के मध्य भाग में वस्त्र लटक रहा है, धर्मचक्र के दोनों ओर सिंह

और दो हाथी हैं। सिंहासन के दोनों ओर यक्ष यक्षी एवं नीचे चैत्यवंदन करते भक्त युगल के मध्य में नवग्रह स्थापित है।

६. **देवी प्रतिमा** - यह अश्वारूढ देवी की प्रतिमा सं. ११११२ में छाहड़ के निर्मापित है। देवी चारों हाथों में आयुध धारण किए हुए है घोड़ा चौकी पर खड़ा है।

७. **पार्श्वनाथ सप्तफण** - यह प्रतिमा सप्तफण युक्त पार्श्वनाथ भगवान की किसी श्राविका द्वारा निर्मापित है और कमलासन पर विराजमान है। तोरण स्तंभ के सहारे पृष्ठ भाग में धर्म चक्र और ऊपर ऊँचे शिखर की भांति कलश है।

८. **पार्श्वनाथ** - यह डमरू आकार के कमलासन पर विराजमान सप्तफण मय प्रतिमा है। उभय पक्ष में त्रियष्टि स्तंभ और पृष्ठ भाग के सांप के आकार गोड़ों के पास से ऊपर गया है। दोनों ओर के सांप सप्तकुंडली कृत न होकर पृथक प्रतीत होते हैं।

९. **आदिनाथ पंचतीर्थी** - सिंहासन के उभय पक्ष में यक्ष यक्षी दोनों ओर चामरधारी के मध्य में दो काउसग्गिया और ऊपर पद्मासन प्रतिमा है। मध्यवर्ती आदिनाथ के मस्तक पर छत्र और दोनों ओर किन्नर व प्रभु के पीछे प्रभा मंडल है।

१०. **पार्श्वनाथ त्रितीर्थी** - स्पष्ट तक्षण कला वाली इस प्रतिमा के पृष्ठ भाग में ऊँची सप्तफणावली और दोनों ओर धोती पहने खग्डासन प्रतिमा है। भगवान के नीचे पब्बासन और तन्निम्न भागवर्ती कमल की पांखुड़ियों के नीचे वस्त्र उभयसिंहों के मध्य दिखाया है। दाहिनी ओर यक्ष एवं बांये तरफ अम्बिका देवी विराजमान है। मध्यवर्ती धर्मचक्र के आगे कमल पर यक्ष बैठा है।

११. **पार्श्वनाथ त्रितीर्थी** - यह प्रतिमा सप्तफण मंडित सिंहों के ऊपर लटकते पब्बासन पर विराजमान है। उभय पक्ष में धोती पहनी है और ऊपर छत्र लगा है। निम्न भाग के दाहिने यक्ष व अंबिका देवी अलंकृत टोडी पर कमलासन पर विराजमान है। यह प्रतिमा दुर्गराज कृत स्नात्र प्रतिमा हो सकती है।

१२. **पार्श्वनाथ** - यह प्रतिमा सप्तफण के ऊपर पट्टिका और कांस्य युक्त है। नवग्रह सिंहासन के वस्त्र उभय काउसग्गियों के पास स्तंभ व निम्न भाग में नवग्रह है।

१३. **समवशरण प्रतिमा** - यह चौमुख शिखर बुद्ध प्रतिमा भी देवालय जैसी लगती है प्रायः सभी प्रतिमाएँ राजस्थानी शिल्प कला से अनुप्राणित है।

१४. **देवी** - इन प्रतिमाओं के साथ एक अत्यन्त सुंदर कला पूर्ण स्त्री मूर्ति प्राप्त हुई है जो त्रिस्तरीय कमलासन पर लचीली देहदृष्टि को किञ्चित दाहिनी ओर किये खड़ी है। इसके पैरों में नुपूर हाथ में दोनों ओर बंगड़ियों के बीच चूड़ियां है। साड़ी बहुत ही सुंदर है और उत्तरीय को भुजबंद के पास नितंब तक ढंग से मोड़कर नीचे गोड़ो तक लहराता दिखाता है। त्रिवलीदार गले के नीचे हार और तिलड़ी नाभि के ऊपर तक पहनी हुई है, मुद्रा की भांति बड़े कर्णफूल सुशोभित हैं। यह प्रतिमा राजस्थानी प्राचीन कला का प्रतिनिधित्व करने वाली भाव भंगिमा युक्त है।

शंकरदान नाहटा कला भवन - हमारे इस कला भवन में जैन जैनेत्तर अनेक धातुमय प्रतिमाओं का संग्रह है जिसमें दो प्रतिमाएँ प्राचीन और कलापूर्ण है।

१. पार्श्वनाथ त्रितीर्थी - यह सपरिकर प्रतिमा सं. १०२१ की क्लिपत्यकूप चैत्य के गोष्ठी द्वारा निर्मापित स्नात्र प्रतिमा इसके पृष्ठ भाग में लिखे कुटिल लिपि के लेख से स्पष्ट है। इसमें उभय पक्ष में अवस्थित क्राउसग्ग मुद्रा वाली प्रतिमाओं के धोती पहनी है। और वे पब्बासन के नीचे से निकले कमलासन पर खड़े है। उभय पक्ष में एक ओर सांप पर पद्मावती दूसरी ओर गजारूढ़ देवी है। सिंहासन के मध्य में भी एक व्यक्ति विराजित है। निम्न भाग में नवग्रह और उसके उभय भाग में सिंहासनों के पायों से निकले कमलासन पर दाहिनी ओर गजारूढ़ और बांये तरफ सिंहवाहिनी अंबिका है जिनकी गोद में बालक परिलक्षित है। काउसग्गियों के आसन से फिर प्रतिशाखा निकलकर दोनों ओर अपने दोनों हाथों में वस्त्र धारण किए बैठे है। प्रतिमा के सप्तफण का अर्द्धभाग खंडित हो जाने से दूसरे पीतल के सप्तफण

बनाकर जोड़ दिये गये है। नेत्रों में चांदी की मीनाकारी या रत्न जटित रहे होंगे जिन्हें जला दिया गया है अतः खड्डे मात्र रह गये है। नीचे पायों पर सिंह खड़े है मध्य भाग में एक व्यक्ति की मूर्ति है।

दूसरी प्रतिमा एकतीर्थी सपरिकर है। भगवान के ऊपर छत्र व पृष्ठ भागों में प्रभामंडल है फूल की पंखुड़ियों वाला है। जिसके आगे पट्टिका के ऊपर भगवान विराजित है। उभय पक्ष में चामरधारी व ऊपर बाल किये किन्नर व नीचे उभय पक्ष में यक्ष व अम्बिका है। प्रतिमा के हाथ जर्जर हो गए है। (संवत ११३० जेष्ट सु १०)

श्री मोतीचंदजी खजानची के संग्रह में दो धातुमय चौवीसियां है।

चौबीसी - सं. १२३१ की चौवीसी है जिसमें २१ प्रतिमाएँ परिकर के सिरे पर सभी सर्वाज में है। मूलनायक के दोनों ओर दो काउसग्गीए है। मूलनायक भगवान के नेत्रों में रजत बैठाया हुआ है। परिकर के दोनों ओर अंबिका व यक्ष सिंहासन पर उभय पक्ष में सिंह व मध्य में कोई देवचन्द्र है परिकर के निचले किनारे में दो व्यक्ति खड़े हैं उनके ऊपर ग्रास है।

प्रतिमा - सं. ११७९ की चौवीसी भी सुन्दर कलापूर्ण और भिन्न अलंकारिक कक्ष शैली की है।

चन्द्रवा सं १५१७ का है जिस पर जरी का काम है।

श्री चिन्तामणि जी का मंदिर - बीकानेर नगर के सर्व प्राचीन चिन्तामणि चौवीसटा जी के मंदिर में धातु प्रतिमा का जितना बड़ा संग्रह है एक मंदिर में शायद समग्र भारत में कहीं नहीं है। यहां के भूमिग्रह में ११०० के लगभग धातु प्रतिमाएँ है जिनके अभिलेख हमने बीकानेर जैन लेख संग्रह में प्रकाशित किए थे पर तत्रस्थित प्रतिमाओं का कलात्मक अध्ययन नही हो सका था। थोड़ी सी प्राचीन कलापूर्ण प्रतिमाओं का समूह चित्र उपर्युक्त ग्रंथ में दिया गया है। एक प्रतिमा विशाल और सुंदर कलापूर्ण प्राचीन है। जिस पर लगभग बारह सौ वर्ष प्राचीन ऊँ सन्ति गणि खुदा हुआ है। सहस्राब्दि प्राचीन अवशिष्ट प्रतिमा में अनेकविधाए है। कोई सपरिकर, कोई त्रितीर्थी कोई इकतीर्थी कोई पंचतीर्थी कोई सतोरण चौमुखजी और कोई अपनी विविध शैलीगत विशेषता वाली है। एक गुप्त कालीन कार्योत्सर्ग मुद्रा की प्रतिमा अत्यन्त सुंदर चिंतामणि जी

के सभामंडल में थी। इस प्रतिमा के धोती पहनी हुई है और पालिश बहुत ही सुन्दर है जो परवर्ती प्रतिमाओं में नही मिलती। इसे सुरक्षित बैंक में रखा गया है। चिंतामणि जी मंदिर के मूलनायक प्रतिमा श्री आदिनाथ चतुर्विंशति पट्टक दादा श्री जिनकुशल सूरि प्रतिष्ठित मंडोवर मूलनायक थी जो बीकानेर बसने के समय लायी गयी थी। कामरां के द्वारा परिकर भग्न कर देने पर सं. १५९२ में बच्छावत परिवार ने जीर्णोद्धारित किया था।

इसी मंदिर के अहाते में श्री शांतिनाथ जिनालय में मूलनायक पार्श्वनाथ जी की धातु प्रतिमा भी मनोहर और सं. १५४९ में जिन समुद्र सूरि जी द्वारा प्रतिष्ठित है।

स. १५८० में हेमविमल सूरि प्रतिष्ठित धातुमय यंत्र पट में शत्रुञ्जय, आबू, गिरनार, नवपद, समवशरण, चौवीसी, बीस विहरमान उत्कीर्णित है।

महावीर स्वामी का मंदिर - (बैदों का चौक) इस मंदिर में भी सैकड़ो धातु प्रतिमाएँ भण्डार में है जिनके पूरे लेखों का संग्रह और अध्ययन आवश्यक है। स. १५३४ की श्री सीमंधर प्रतिमा, सं. १५३१ का कलिकुण्ड यंत्र एवं सर्वतोभद्र यंत्र, दुरितारि विजय यंत्र, षोडश यंत्र (सं. १६६३ ई. दि. रलकीर्ति उपदेश से), ह्रींकार यंत्र (स. १५६१ रूद्रपल्लीय गच्छ अ.) अष्टांग सम्यदर्शन यंत्र आदि धातुमय कितनी ही कलात्मक वस्तुओं के साथ एक धातु की विशाल प्रतिमा सं. १५२७ में मं. भुवन कीर्ति प्रतिष्ठित और सिंहासन सं. १७२७ उदयपुर में श्री सुमतिसागर सूरि के उपदेश से बना है। इस को सूत्रधार गणेश और कंसारा मानजी के पुत्र प्रताप ने बनाया है। अंबिका देवी की ३ प्रतिमाएँ सं १३५१, १३५५, १३८१ और १४६९ की प्रतिष्ठित हैं। चांदी की चक्रेश्वरी देवी व चांदी के नवपद यंत्रादि धातु की वस्तुएं है।

श्री अजित नाथ जिनालय - यहां सन् ५२३ में मंत्रीदलीय श्रावक द्वारा निर्मापित और जिनहर्षसूरि द्वारा प्रतिष्ठित गौतम स्वामी प्रतिमा, कुरू जांगाल के सपीदो नगर में सं १६८८ में निर्मित पीठ पर ऊँची चौकी पर गुरू महाराज दोनों पाँव नीचे किए हाथ जोड़े बैठे हैं। इसके अभिलेख में दिगम्बर साधु साध्वियों के नाम व निर्मापित का नाम है।

श्री चन्द्रप्रभ जिनालय -यहाँ अन्य धातु प्रतिमाओं के साथ अष्ट दल कमलाकृति प्रतिमा सिरोही में श्री जिनचंद्रसूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित है। चांदी की दो प्रतिमाओं में से एक सं. १७६४ की है। सोनी धाहरू द्वारा निर्मित व दूसरी सं. १९५१ की है।

श्री सुपार्श्वनाथ मंदिर - में स. १७९४ के चौमुखजी स. १५१६ की चांदी की सपरिकर नेमिनाथ प्रतिमा स. १५८१ का कलिकुण्ड यंत्र आदि है।

महावीर स्वामी के मंदिर - आसानियों के चौक में स: १३९० में ज्ञानचन्द्र जी प्रतिष्ठित मल्लिनाथ भगवान का धातुमय सिंहासन है।

श्री गौड़ी पार्श्वनाथ जी के मंदिर में स. १२७८ प्रतिष्ठित रूधरिका देवी प्रतिमा है।

बीकानेर में अष्टदल कमल के मध्य में एवं प्रत्येक पंखुड़ी पर जिन प्रतिमाएँ जिनचंद्रसूरिजी प्रतिष्ठित कतिपय उपलब्ध है। सं. १८९५ में रणजीत सिंह के राज काज में पिंडी में है। यह प्रतिमा उ. जयचन्द्रजी के भंडार में है।

तारानगर के प्राचीन मंदिर में स. १०५८ प्रतिष्ठित शीतलनाथ भगवान की धातुमय प्रतिमा अत्यन्त सुंदर और कलापूर्ण है। सुजानगढ़ के मंदिर में चांदी की थाली में घंटा कर्ण यंत्र है। देशनोक के भूरों के वास के मूलनायक प्रतिमा शांतिनाथ स्वामी की बीकानेर में ही निर्मापित है।

जैसलमेर में हजारों जिन प्रतिमाएँ है जिनमें धातु प्रतिमाएँ भी कलापूर्ण संख्याबद्ध है। शांतिनाथ जिनालय की मूलनायक प्रतिमा सं. १५३६ प्रतिष्ठित है एवं गजारूढ़ श्रावक प्रतिमा भी सा. रेवता के पुत्र की है जो सं. १५९० की निर्मापित है। चंद्रप्रभ जिनालय में एक प्रतिमा सं. १०८६ की है जिसमें नागेन्द्र - सिद्धसेन दिवाकराचार्य गच्छ का लेख है। लौद्रवाजी में मायाबीज यंत्र सं. १६७३ का है और धातुमय विशाल कल्पवृक्ष और कलात्मक अभ्दुत वस्तु है।

गांगाणी तीर्थ जोधपुर के सन्निकट है। जहां सं. १६६२ में एक तलधर में लगभग ६० प्रतिमाएं निकली थी जिनमें सम्राट सम्प्रति और चन्द्रगुप्त द्वारा निर्मापित प्राचीनतम लेख वाली प्रतिमाएँ थी। उस जमाने में प्राचीन लिपि का अभ्यास न होने पर भी विद्वान जैनाचार्य श्री जिनराजसूरि

जी ने अंबिका देवी की सहायता से लिपि पढ़ी थी । प्रतिमाओं में एक अर्जुन हेम - प्लेटिनम की भी पार्श्वनाथ प्रतिमा की आश्चर्यजनक उपलब्धि हुई थी। कविवर समयसुंदर जी ने स्तवन में इसका विस्तृत वर्णन किया है और उसके साथ थोड़ी अन्य प्रतिमाएँ व धूपदान, कंसाल जोड़ी आदि उपकरण भी निकले थे। अब वे प्रतिमाएँ कहाँ है कब छिपा दी गई पता नही परन्तु अब भी गंगाणी के मंदिर में स. ९३७ के अभिलेख वाली ऋषभदेव प्रतिमा अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण है इसका परिकर कहीं भंडार में हो सकता है।

जोधपुर के मंदिर में भी कई सुंदर कलापूर्ण विविध प्रकार की प्रतिमाएँ है। सिरोही के कलापूर्ण मंदिर विख्यात है वहाँ आस पास के अनेक गॉवों में सहस्त्राब्द पूर्व के मंदिर विद्यमान है। वसन्त गढ की दुर्लभ प्रतिमाएँ भी पिण्डवाड़ा के जैन मंदिर में होने का आगे उल्लेख किया जा चुका है। सिरोही के सभी मंदिरों में कलापूर्ण प्राचीन प्रतिमाएँ है। श्री अजितनाथ जी के मंदिर में १७२ धातुमय प्रतिमाएँ हैं तथा उसके आगे बांयी तरफ पुरातत्व मंदिर है जिसमें दशवीं शताब्दी से लगाकर सोलहवी शती की ५४० प्रतिमाएँ सुरक्षित है। आदिनाथ जिनालय के अर्न्तगत सुमतिनाथजी के गंभारे के भूमिग्रह में १००० धातु प्रतिमाएँ १२वीं शती तक की है। इस मंदिर में २९३ सर्व धातु की व ५ चांदी की प्रतिमाएँ है शांतिनाथ मंदिर में ३३ धातु प्रतिमाएँ है दूसरे सभी मंदिरो में अनेक धातु प्रतिमाएँ है।

आबू अचलगढ़ तो अपनी शिल्प समृद्धि के लिए विश्व विख्यात है। अचलगढ़ में विशाल जिन प्रतिमाएँ १४४४ मन तोल की है। जिसमें स्वर्ण का भाग अधिक परिमाण में है। सहस्त्रब्दि पूर्व भी विशाल प्रतिमाएँ निर्माण की जाती थी विमल प्रबन्ध से ज्ञात होता है कि विमल वसही के मूलनायक प्रतिमा भी पितलम्य थी यह :-

वस्तु - विमलवसही विमलवसही विमलप्रसाद
पितलमइ अदार भारजी आदिनाथ प्रतिमा प्रसिद्धि
संवत १०८८ वर प्रतिष्ठ शुभ लग्नि कीधी

नागौर - नागौर के बड़े मंदिर में धातु प्रतिमाएँ पर्याप्त प्राचीन और कलापूर्ण भी है। एक अन्य मंदिर के सभामंडल में कलापूर्ण समवसरण या मेरू पर्वत देखा था जो लगभग ३५ - ४० इंच ऊँचा होगा। नागौर जैसे प्राचीन नगर में दिगम्बर व श्वेताम्बर मंदिरों में कलात्मक उपादानों के विषय में अन्वेषण अपेक्षित है। मुस्लिम काल से पूर्व नागौर के जिनालयों की जो संख्या व स्थिति थी, प्राचीन स्तवनादि से विदित होता है कि धातुमय तोरण व परिकर युक्त विशाल प्रतिमाएँ भी अवस्थित थी।

राजस्थान और गुजरात के प्रत्येक नगर में कुछ न कुछ धातु प्रतिमाओं में कला वैशिष्टय मिलता ही है। श्री केशरिया नाथजी तीर्थ में चौवीसी विद्या की एक धातुमय प्रतिमा में तीन चौवीसीया - ७२ जिन बिम्ब अवस्थित है।

अहमदाबाद के वाघण पोल स्थित अजितनाथ जिनालय की धातुमय कार्योत्सर्ग मुद्रा की विशाल जिन प्रतिमा पिण्डवाड़ा शैली की परम्परागत अनुकृति है। यह सरल परिकर वाली आकर्षक प्रतिमा है जिसके उभय पक्ष में चामरधारी खड़े हैं और एक साधु व एक श्रावक चैत्यवंदन करते हुए बैठे हैं। इस पर सं. १११११ का अभिलेख भी उत्कीर्णित है।

विजय यंत्र - इसका प्रभाव आचार्य जिनप्रभसूरि द्वारा प्रत्यक्ष देखकर सम्राट मुहम्मद तुगलक ने दो ताम्रमय विजय यंत्र बनवाकर सूरिजी को एक व एक स्वयं अपने पास हरदम रखने लगा।

इन्द्र प्रतिमा - इन्द्र की चामरधारी प्रतिमाएं तो पंचतीर्थी आदि में पाई जाती है। पर भगवान के जन्माभिषेक के समय की एक प्रतिमा पद्मासन मुद्रा में है जिसके उपेद में एक छिद्र है जिसमें भगवान की एक प्रतिमा बैठाकर अभिषेक करने के लिये बनाई गई प्रतीत होती है। प्रतिमा के मस्तक पर मुकुट आदि देखकर जीवित स्वामी की प्रतिमा होने का भ्रम होता है। ऐसी इन्द्र प्रतिमा अन्य कहीं नहीं देखी गई ।

अष्ट कमल -लगभग ४०० वर्ष से अष्टदल कमलयुक्त प्रतिमा निर्माण के कई उदाहरण बीकानेर में देखे गये हैं। बीकानेर और सिरोही में स्थित ऐसी प्रतिमाओं के मध्य स्थित वर्णिका पर एक जिन प्रतिमा और

उसके आसन के निम्न भाग से भिन्न-२ अष्ट दल पिरोये हुए जैसे संलग्न रहते हैं। जिसमें ८ भगवान की ८ प्रतिमाएँ बनी रहती है। उन्हें बंद करने पर बंद कमल और खोल देने पर विकसित कमलाकर ये मध्य वेदी सहित नौ प्रतिमाओं के एक साथ दर्शन हो जाते है। दिल्ली के नौघरा मंदिर में इस विधा का विकसित रूप देखा गया है जिसमें डबल स्तर में अत्यन्त सुंदर ढ़ंग से जिन प्रतिमा नव पद आदि बने हुए हैं। मंदिरों के शिखर पर स्वर्ण कलश और ध्वज दण्ड भी पीतल के विशेष प्रकार के बने है। जिस पर पाटली भी अर्द्धचंद्रादि आकार मय होती है।

स्वर्ण कमलमय - हमारे शंकरदान नाहटा कला भवन में एक स्वर्णमय कमलासन है जिसके मध्य में रत्न प्रतिमा विराजमान हो सकती है। इस समय उसमें हाथी दांत की जिन प्रतिमा है।

सिद्ध प्रतिमा - अर्हन्त भगवान तो सशरीर होते हैं। पर सिद्ध भगवान तो अरूपी आत्मप्रदेश मात्र हैं। उनका रूप चित्रण कैसे हो उनके दर्शन कैसे हो ? इस समस्या का समाधान दिगम्बर परम्परा में निकाला गया और पितल - चांदी और धातु के पात को खड्गासन कर मध्य में केवली समुद्धातान्तर त्रिभाग धनीभूत आत्मप्रदेश का प्रतीक आकाश प्रदेश खाली रख दिया गया। यह सिद्ध मूर्ति के दर्शन की विधा प्रायः दिगम्बर मंदिरों में दृष्टिगोचर होती है श्वेताम्बर समाज ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया।

अष्ट मंगल - प्राचीन शास्त्रों में चित्रों में अष्ट मंगल का प्राचुर्य पाया जाता है सतरह भेदी पूजा में भगवान के समक्ष चावलों से अष्ट मंगल लिखने का उल्लेख है। पर वह कार्य कठिन होने से चांदी, पीतल, कांस्य के अष्ट मंगल पट्ट भी सिद्ध चक्र यंत्रादि की भांति प्रत्येक मंदिर में पाये जाते है। इनमें एक लंबी पट्टिका पर अष्ट मंगल बने रहते है। कई लोग इनकी पूजा करते है वस्तुतः यह पूजा की नही, चढ़ाने की वस्तु है।

क्रमशः

भ० महावीर स्वामी का निर्वाण एवं प्रकाशपर्व दीपावली

उपाध्याय मुनिश्री कामकुमारनन्दी जी महाराज

सन् ईस्वी ५२७ साल, विक्रमी संवत् से ४७० वर्ष, राजा शक से ६०५ साल ५ महीने पहिले कार्तिक बदी चौदस, सोमवार और अमावस्या, मंगलवार के बीच में प्रातःकाल जब चौथे काल के समाप्त होने में तीन वर्ष साढे आठ महीने बाकी रह गये थे, केवलज्ञान के प्राप्त होने के २९ साल ५ महीने २० दिन बाद, ७१ वर्ष ३ महीने २५ दिन की आयु में भगवान् महावीर ने मल्लों की पावापुरी नगरी में निर्वाण प्राप्त किया। स्वर्ग के देवताओं ने उस अन्धेरी रात्रि में रत्न बरसाकर रोशनी की। जनता ने दीपक जलाकर उत्साह मनाया। राजाओं ने वीर निर्वाण की यादगार में कार्तिक बदी चौदस और अमावस्या की दोनों रात्रियों को हर साल दीपावली पर्व की स्थापना की। उस समय भगवान महावीर की मान्यता ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चारों वर्ण करते थे इसलिये दीपावली के त्यौहार को आज तक चारों वर्णों वाले बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

उस समय पावा की शोभा देखते ही बनती थी। ९ लिच्छवी, ९ मल्ल और १८ काशीकौशल गणराज्य तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर के परिनिर्वाण के समय उपस्थित थे। इन्द्रभूति गौतम पड़ोस के एक गाँव में गये हुए थे। उन्हें भी उसी दिन कैवल्य - लक्ष्मी उपलब्ध हुई। इस तरह यह दिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। रुढ़ियों ने भले ही तथ्यों को ढक लिया हो किन्तु दीपावली महावीर की परिनिर्वाण बेला के रूप में सदियों से मनायी जाती है।

भगवान् महावीर का तो यह मुक्तिपर्व था ही, लोगों ने इसे व्यवहारिक मुक्तिपर्व के रूप में भी मनाना आरम्भ कर दिया। व्यापारी इसे हिसाब मुक्ति के रूप में, गृहस्थी इसे अस्वच्छता मुक्ति की तरह घर का सारा कूड़ा - करकट निकालकर और समाज इसे शत्रुता मुक्ति के रूप में मनाता है। नगर और घर की सारी अशोभा, असौन्दर्य और कुरुपता मिट जाती है और पुरानेपन की जगह एक नूतनता दिखायी देने लगती है। इसे नूतन वर्षारंभ के रूप में मनाया जाता है। इस तरह जीवन से शिथिलता और प्रमाद को विदा कर लोग नयी स्फूर्ति से अपने - अपने काम में लग जाते है।

महावीर निर्वाण दिवस शताब्दियों से एक महान् पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। यही एक ऐसा पर्व है जिसे सम्पूर्ण राष्ट्र किसी न किसी रूप में एकरुपता के साथ मनाता है। जैनमात्र इसे बड़ी उमंग और उल्लास के साथ सम्पन्न करता है। कुछ इसे व्रतानुष्ठान और कुछ एक सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाते हैं किन्तु सभी अपने घरद्वार सजाते हैं, वन्दनवारें बाँधते हैं, अल्पनाएँ संजोते हैं, दीप - पक्तियाँ सज्जित करते हैं। सब स्नेह के एक विशाल धरातल पर एक गहरे बन्धुत्व का अनुभव करते हैं, कोई बैरभाव नहीं रखता, एक गहरी मैत्री, ताजगी, स्फूर्ति, चारों ओर फैल जाती है। लगभग ढ़ाई हजार वर्षों से मनाया जा रहा यह पर्व आज भी उतना उल्लास और उतनी ही ताजगी लिये हुए है।

दीपावली एक ऐसा पर्व है जिसके चारों ओर एक निर्मल आध्यात्मिक आभा छायी हुई है। यह एक ऐसी प्रातः स्मरणीय महान् लोकविभूति की आराधना - अर्चना और पुण्य स्मरण का पर्व है, जिसने संसार पर मंडराती हिंसा, असत्य और परिग्रह की कलुष्य अमावस्या को हराया था और लोकशक्ति के आँगन में विवेक के दीपकों की एक अबुझ पंक्ति संजो दी थी, जो युगों से ऐसी अमावस्याओं से जूझती आ रही है और आज भी अपराजित है। प्रकाश की राह पर आज भी उसके वे वन्दनीय चरण - चिन्ह स्पष्ट दिखायी दे रहे है।

आर्य समाजी महर्षि स्वामी दयानन्द जी, सिखों के छठे गुरु श्री हरगोविन्दजी, हिन्दू श्री रामचन्द्र जी, जैनी वीर निर्वाण और कुछ महाराजा अशोक की दिग्विजय को दीपावली का कारण बताते हैं। कुछ का विश्वास है कि राजा बलि की दानवीरता से प्रसन्न होकर विष्णु जी ने वर माँगा था कि कार्तिक बदी तेरस से दोयज तक ५ दिन का जो उत्सव मनायेंगे उनकी अकाल मृत्यु नहीं होगी इसलिये दीपावली मनाई जाती है। परन्तु दीपावली एक प्राचीन त्यौहार है। यह त्यौहार महर्षि स्वामी दयानन्द जी और छठे गुरु श्री हरगोविन्द जी से बहुत पहले मनाया जाता है। श्री रामचन्द्र जी के अयोध्या में लौटने की खुशी में दीपावली के आरम्भ होने का उल्लेख रामायण या किसी और प्राचीन हिन्दू ग्रंथ में नहीं मिलता। विष्णु जी तथा अशोक दिग्विजय के कारण दीपावली का होना किसी ऐतिहासिक प्रमाण से सिद्ध नहीं होता। प्राचीन जैन ग्रन्थों में कथन अवश्य है कि -

जिनेन्द्रवीरोऽपि विवोध्य संततं समंततो भव्यसमूहसंततिम्।
प्रवद्य पावानगरीं गरीयसीं मनोहरोद्यानवने यदीपके।।१५।।
चतुर्थकालेऽर्थमासकै र्विहीनताविश्चतु रब्दशेषके।
सकीतिके स्वातिषु कृष्णभूतसुप्रभातृसन्ध्यासमये स्वभावतः।।१६।।
अचातिकर्माणि जिरुद्धयोगको विधूय घातीं धनवद्विबंधनम्।
विबन्धनस्थानमवाप शंकरो निरन्तरायोरु सुखानुबन्धनम्।।१७।।
ज्वलत्प्रदीपालिकया प्रबुद्धया सुरासुरैर्दीपितया प्रदीप्तया।
तदास्म पावानगरी समन्ततः प्रदीपिताकाशलता प्रकाशते।।१९।।
ततस्तु लोकः प्रतिकर्षमादरात् प्रसिद्धदीपालिकायत्र भारते।
समुद्यतः पूजयितुं जिनेश्वरं जिनेन्द्रनिर्वाणविभूति भक्तिभाक्।।१९।।

श्री जिनसेनाचार्य हरिवंशपुराण, सर्ग ६६

भावार्थ - जब चौथे काल के समाप्त होने में तीन वर्ष साढ़े आठ महीने रह गये थे तो कार्तिक की अमावस्या के प्रातःकाल पावापुर नगरी में भगवान् महावीर ने मोक्ष प्राप्त किया, जिसके उपलक्ष्य में चारों प्रकार के देवताओं ने बड़ा उत्सव मनाया और जहाँ

- तहाँ दीपक जलाये। जिनकी रोशनी से सारा आकाश जगमगा उठा था। उसी दिन से आज तक श्री जिनेन्द्र भगवान् के निर्वाण - कल्याणक की भक्ति से प्रेरित होकर लोग हर साल भरत क्षेत्र में दीपावली का उत्सव मनाते हैं।

कार्तिक बदी चौदश और अमावस्या की रात्रि में भगवान् महावीर समस्त कर्मरूपी मल को दूर करके सिद्ध हुए। कर्म - मल से शुद्धि के स्थान पर हम उस रात्रि को कूड़ा निकालकर घरों की शुद्धि करते है। उसी दिन भगवान् महावीर के प्रथम गणधर इन्द्रभूति गौतम जी ने केवलज्ञानरूपी लक्ष्मी प्राप्त की थी। जिसकी पूजा देवों तक ने की थी, उस स्थान पर चंचल लक्ष्मी तथा गणेश जी की पूजा होती है। गणेश नाम गणधर का है। वीर के समवसरण में मुनिवरों, कल्पवासी इन्द्राणियां, आर्यिकाओं व श्राविकाओं, ज्योतिषी देवांगनाओं, व्यन्तर देवियों, प्रासाद निवासियों की पद्मावती इत्यादि देवियों, भवनवासी देवों, व्यन्तर देवों, चन्द्र - सूर्य इत्यादि ज्योतिषी देवों, कल्पवासी देवों, विद्याधरों व मनुष्यों, सिंह - हिरण इत्यादि पशु - पक्षियों व तिर्यंचों के बैठकर धर्म उपदेश सुनने के लिये १२ सभाएँ होती हैं, उसके स्थान पर लीप - पोतकर लकीरें खींचकर कोठे बनाना और वहाँ मनुष्य और पशुओं आदि के खिलौने रखना, वीर के समवसरण का चित्र खींचने की चेष्टा करना है तथा भगवान् महावीर जहाँ विराजमान् होते हैं, उनके स्थान पर हम घरूण्डी (हटड़ी) रखते हैं। वीर निर्वाण के उत्सव में देवों ने रत्न बरसाये थे, उनके स्थान पर हम खील - बताशे बाँटते हैं। उस समय के राजाओं - महाराजाओं ने वीर निर्वाण के उपलक्ष्य में दीपक जलाकर उत्सव मनाया था, उसके स्थान पर हम दीपावली मनाते है। यह हो सकता है कि अमावस्या की शुभ रात्रि में महर्षि स्वामी दयानन्द जी स्वर्ग पधारे, श्री रामचन्द्र जी अयोध्या लौटे या औरों के विश्वास के अनुसार और भी शुभ कार्य हुए हों परन्तु इस पवित्र त्योहार पर होने वाली क्रियाओं पर विचारपूर्वक खोज करने से यही सिद्ध होता है कि दीपावली, वीरनिर्वाण से ही उनकी यादगार में आरम्भ होने

वाला पर्व है, जैसा कि लोकमान्य पं० बालगंगाधर तिलक, डॉ. रवीन्द्रनाथ टैगोर आदि अनेक ऐतिहासिक विद्वान स्वीकार करते है।

केवल दीपावली का त्योहार ही नहीं वरन् भगवान महावीर की स्मृति में सिक्के ढाले गये। वर्द्धमान नाम पर वर्द्धमान और वीर नाम पर वीरभूमि नाम के नगर आज तक बंगाल में प्रसिद्ध हैं। विदेह क्षेत्र में भगवान महावीर का अधिक विहार होने के कारण उस प्रान्त का नाम ही बिहार प्रान्त पड़ गया। भारत के ऐतिहासिक युग में सबसे पहला संवत् जो वीरनिर्वाण से अगले दिन ही कार्तिक सुदी एकम् से शुरु होता है, उस दिन हम अपनी पुरानी बहियाँ बन्द करके नई शुरू करते है। अवश्य भगवान् महावीर के सन्मुख भारत निवासियों की श्रद्धा और भक्ति प्रकट करने वाला वीरसम्वत् है। इस प्रकार न केवल जैनों पर ही किन्तु अजैनों पर भी श्री वर्द्धमान का गहरा प्रभाव पड़ा।

जैन धर्म में पुण्य और पाप तत्व

डा. मुकुल राज मेहता

कुछ दार्शनिकों ने पुण्य और पाप तत्व को स्वतन्त्र द्रव्य के रूप में स्वीकार किया है। आगम साहित्य में भगवती शतक,[1] प्रज्ञापना,[2] उत्तराध्ययन[3] आदि में भी तत्वों की संख्या नौ बताई गयी है लेकिन आचार्य उमास्वाति ने अपने द्रव्य संग्रह ग्रन्थ में पुण्य और पाप को आस्रव या बन्ध तत्व में समाहित कर तत्वों की संख्या सात ही माना है।[4] यहाँ पर पुण्य और पाप तत्व का संक्षेप में वर्णन किया जा रहा है।

पुण्य और पाप तत्व अजीव तत्व के अन्तर्गत ही आते है। व्यक्ति के कर्म के अनुसार ही उसे फल की प्राप्ति होती है। अर्थात् पुण्य शुभ कर्म पुद्गल है और पाप अशुभ कर्म पुद्गल। शुभ कार्य करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। तथा अशुभ कार्य करने से पाप फल की प्राप्ति होती है। जिन शुभ और अशुभ कर्मों को अजीव कहा है वे तो आत्मा की मात्र भाव रुप प्रवृतियाँ ही है।

जैन दार्शनिकों ने आत्मा की शुभ रुप वृत्ति और प्रवृत्ति को तो मन, वचन और काम रुप योग आश्रय के अन्तर्गत रखा है।[5] मन, वचन, शरीर की शुभ व अशुभ प्रवृत्ति से जिस कर्म पुद्गल का आत्मा के साथ सम्बन्ध होता है, वे कर्म पुद्गल यदि शुभ है तो पुण्य है और यदि अशुभ हैं तो पाप है। इस प्रवृति के बाद जिन कर्म पुद्गलों का सम्बन्ध आत्मा के साथ होता है। तब वह द्रव्य पुण्य - पाप कहलाता है। इस प्रकार जो भाव रुप पुण्य - पाप हैं वे जीव के विचार हैं और जो द्रव्य रुप पुण्य - पाप हैं वे

---

१. अभिगम जीवाजीवा उवलद्ध पुण्णपावा आसव संवर णिज्जर किरियाहिगरण बन्ध मोक्ख कुसला। भगवती शतक। २. प्रज्ञापना ३. उत्तराध्ययन २८/१४ ४. तत्वार्थ सूत्र १ / ४ ५. कायवाङ् मनः कर्मयोगः स आस्त्रवः। त० सू० ६ / १.२

अजीव हैं। आत्मा की शुभ - अशुभ रुप प्रवृतियाँ दो प्रकार की होती हैं - भाव रुप तथा द्रव्य रुप। भाव रूप पुण्य व पाप जीव के अन्तर्गत आते हैं तथा द्रव्य रूप पुण्य व पाप अजीव के अन्तर्गत आते है।

पुण्य - पाप रूप कर्म के ये दो भेद वेदना की दृष्टि से किये गये है। वेदना के अतिरिक्त अन्य दृष्टियों से भी कर्म के भेद किये गये है। कर्म को उचित और अनुचित समझने की दृष्टि से बौद्ध और योग दर्शनों में कृष्ण, शुक्ल, कृष्ण - शुक्ल और अशुक्लाकृष्ण चार भेद किये गये है।[१] कृष्ण पाप है, शुक्ल पुण्य है। शुक्ल कृष्ण पुण्य व पाप का मिश्रण है और अशुक्ला कृष्ण न तो पाप है और न ही पुण्य। अर्थात, वह कर्म वीतराग पुरुषों को होता है। इसका विपाक न सुख है और न दुःख, क्योंकि वीतराग पुरुषों में राग द्वेष नहीं होता है।[२]

पुण्य व पाप तत्व में भेद

शुभ कर्मों के अन्तर्गत जितने शुभ पुद्गल आते हैं वे पुण्य होते हैं। दीन - दुःखी पर दया करना उनकी सेवा करना, परोपकार करना आदि अनेक प्रकार से पुण्य प्राप्त किया जा सकता है। शास्त्रों में पुण्य प्राप्त करने के नौ भेद बताये गये है। वे इस प्रकार हैं।

१. अन्नपुण्य
२. लपन (स्थान) पुण्य
३. पान पुण्य
४. शयन (शैया) पुण्य
५. वस्त्र पुण्य
६. मन पुण्य
७. वचन पुण्य
८. काय पुण्य
९. नमस्कार पुण्य

उपर्युक्त भेदों को स्पष्ट किया जाय तो अन्न, जल, औषध आदि वस्तुओं का दान करना - ठहरने के लिए स्थान देना, मन से शुद्ध भाव रखना, वचन से मधुर, सत्य और हितकारी निर्दोष बोलना, शरीर से शुभ कार्य करना, देव, गुरु, धर्म व अभिभावक आदि को नमस्कार करना ये सभी कर्म पुण्य फल देने वाले होते है।

---

१. योग दर्शन, ४/७, दीर्घनिकाय ३/१/२, बुद्ध चर्या पृ० ४१६, २. योग दर्शन ४, ७

आचार्य उमास्वाति ने मन, वचन, काय के शुभ योग को पुण्य कहा है।[१] शुभ कर्म पुद्गल का नाम पुण्य हैं।[२]

अशुभ कर्मों से जितने अशुभ कर्म पुद्गल उत्पन्न होते है, उन अशुभ कर्म पुद्गलों को पाप कहा जाता गया है। [३]अच्छे कार्य करने में जो कर्म भाग नहीं लेता वह पाप कहलाता है।[४] पाप के तो कई कारण होते है लेकिन संक्षेप में पाप उत्पन्न होने के अट्ठारह कारण माने गये है। इन्हे पापस्थान कहा जाता है। अर्थात् इन कर्मों को करने से मनुष्य पाप का भागी होता है। इन निषिद्ध कर्मों के नाम इस प्रकार है।

१. हिंसा	१०. राग
२. झूठ	११. द्वेष
३. चोरी	१२. कलह
४. अब्रह्मचर्य	१३. अभ्याख्यान (झूठा आरोप)
५. परिग्रह	१४. पैशून्य (चुगली)
६. क्रोध	१५. परनिन्दा
७. मान	१६. रति - अरति (पाप धर्म में अरुचि)
८. माया	१७. मायामृषावाद (कपट सहित)
९. लोभ	१८. मिथ्या दर्शन।[५]

---

*१. शुभः पुण्यस्य। तत्वार्थ सूत्र ६/३

२. (क) पुण्यं शुभकर्म प्रकृतिलक्षणम्। सूत्रकृतांग शी० वृ० २,५,१६ पृ० १२७
(ख) मूलाचार वृत्ति - वसुनंद्याचार्य - ५ / ६
(ग) समवायांग अभय० १, पृ० ६
(घ) षड्दर्शन समुच्चय, गुण० वृ० ४७, पृ० १३७

३. (क) अशुभपरिणामों जीवस्य, तन्निमित्तः कर्मपरिणामः पुद्गलानां च पापम्। पंचास्तिकाय वृत्ति, अमृतचन्द्राचार्य १०८
(ख) पापम् अशुभ कर्म समवायांग अभय० १ पृ० ६
(ग) षड्दर्शन समुच्चय गुण० वृत्ति ४७, पृ० १३७

४. (क) पाति रक्षित आत्मानं शुभादिति पापम्।
(ख) पात्यवति रक्षति आत्मानं कल्याणादिति पापम् । तत्वार्थ श्रुतसागरीया वृत्ति, ६ / ३*

५. जैन दर्शन : स्वरूप और विश्लेष, देवेन्द्र मुनि शास्त्री पृ० १९४

आध्यात्मिक दृष्टि से पुण्य व पाप ये दोनों ही बन्धन है। इनसे मनुष्य मुक्ति नहीं पा सकता। मीमांसकों ने पुण्य व पाप में पुण्य साधना पर अधिक जोर दिया है। उन्होंने पुण्य को जीवन का एक आवश्यक अंग स्वीकार किया है। किन्तु जैन दार्शनिको ने पुण्य को अपेक्षा दृष्टि से हेय, ज्ञेय व उपादेय तीनों ही माना है। निश्चय नय की दृष्टि से पुण्य - पाप दोनों हेय हैं। पुण्य सुहावना है और पाप असुहावना।

व्यवहारिक दृष्टि से पाप की अपेक्षा पुण्य सर्वाधिक श्रेष्ठ होता है। पाप से नरक आदि दारुण वेदनाएं प्राप्त होती है। संसार में निन्दा, अपयश, कष्ट इत्यादि प्राप्त होते है। जब कि पुण्य कर्म से स्वर्ग व सुख की उपलब्धता होती है। इस प्रकार से मनुष्य के जीवन में पाप की अपेक्षा पुण्य अधिक सर्वश्रेष्ठ है। मनुष्य इस जीवन में पुण्य करना चाहता है लेकिन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से वह पाप कर बैठता है। उसके न चाहते हुए भी वह कार्य सम्पन्न हो जाता है।

पुण्य के प्रकार

जैनाचार्यों ने पुण्य के दो प्रकार बतायें हैं जो निम्न हैं -

१. पुण्यानुबन्धी पुण्य

२. पापानुबन्धी पुण्य[१]

पुण्यानुबन्धी पुण्य - जिस पुण्य कर्म के करने से पुण्य कर्म की परम्परा कायम रहे, अर्थात् पुण्य को भोगते हुए नवीन पुंण्य का बन्ध हो उसे पुण्याबन्धी पुण्य कहते है। उदाहरणार्थ - एक व्यक्ति जो सम्पूर्ण प्रकार के सुख साधन को प्राप्त किया हो, फिर भी वह किसी मोह के द्वारा उसके वशीभूत होकर अपने हित के उद्देश्य के लिए मुक्ति की अभिलाषा करता है। अर्थात् पूर्व पुण्य का उपभोग करते हुए एक नवीन पुण्य का बन्ध करता है। वह पुण्यानुबन्धी पुण्य कहलाता है।

पापानुबन्धी पुण्य - जिस पुण्य से नवीन पाप बन्ध का कारण हो वह पापानुबन्धी पुण्य कहलाता है। अर्थात् सम्पूर्ण प्रकार के सुखोपभोग

---

*१. उत्तराध्ययन सूत्र, २८।१४

के साधन प्राप्त हुए भी मोह की प्रबलता के कारण असदाचारी बन कर पाप करना पापानुबन्धी पुण्य कहलाता है।

पाप के प्रकार :

जैनाचार्यों ने पाप के दो प्रकार बताये है जो निम्न है।

१. पापानुबन्धी पाप

२. पुण्यानुबन्धी पाप [१]

पापानुबन्धी पाप- जिस पाप को भोगते हुए नया पाप बद्यता है। वह पापानुबन्धी पाप कहलाता है। जैसे - कसाई, धीवर आदि ने पूर्व में पाप किया, जिसके कारण वह अनेक कष्ट पा रहा है। और इस पाप को भोगते हुए नवीन पापों का बन्ध कर रहा हो। अतः वह पापानुबन्धी पाप कहलाता है।

